<u>संदेश</u>

ईद-उल-फ़ित्र के अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों और बहनों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

रमजान के पवित्र महीने के दौरान रोजा रखने, नियमपूर्वक नमाज अदा करने और अल्लाह की इबादत करने के बाद मनाया जाने वाला ईद-उल-फ़ित्र का यह मुबारक त्योहार, आपसी भाईचारे और मेल-जोल की भावना को मजबूत करने का अवसर होता है। ईद-उल-फ़ित्र का दिन स्वयं को मानवता की सेवा तथा जरूरतमंदों के जीवन को सँवारने के लिए फिर से समर्पित करने का दिन भी होता है।

आइए, हम सब कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए सभी नियमों और दिशा-निर्देशों के पालन का और समाज एवं देश की भलाई के लिए काम करने का संकल्प लें।

****